>

Title: Need to construct a ring road at Shahjahanpur city of Uttar Pradesh to facilitate smooth flow of traffic.

श्री मिथिलेश कुमार (शाहजहांपुर): मेरे संसदीय क्षेत्र शाहजहाँपुर (उत्तर प्रदेश) में नगर के अंतर्गत चारों तरफ रेलवे लाइन बिछी हुई हैं जो कि पूरी तरह निष्प्रयोज्य है। कई बार इन रेलवे लाइनों की वजह से शहर में यातायात का संकट खड़ा हो जाता है, जिससे शहर के नागरिकों को यातायात बाधित होने तथा जाम में फंस जाने की वजह से काफी कठिनाई होती है। मैंने इस संबंध में माननीय शहरी विकास मंत्री जी को पहले भी पत्र लिखा था जिसमें इन निष्प्रयोज्य पड़ी रेलवे लाइनों को हटाकर शहर के चारों तरफ एक रिंग रोड बनाने हेतु निवेदन किया था। रिंग रोड बनने से शाहजहाँपुर नगर का यातायात सुगम हो जाएगा। इस संबंध में मेरा सरकार से निवेदन है कि तत्काल इस परियोजना हेतु धन आवंटित करके इस पर कार्य चालू किया जाए।